# आवश्यक–सूचना

माननीय उच्च न्यायालय में योजित सर्विस सिंगल 27543/2021 में पारित आदेश दिनांक 29.11.2021 के अनुपालन में विज्ञापन संख्या–02/2021 प्रवक्ता हिन्दी विषय का संशोधित उत्तरमाला तथा लिखित परीक्षा परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 29.12.2021 को घोषित किया गया। प्रवक्ता हिन्दी विषय के संशोधित लिखित परीक्षा परिणाम में जो नये अभ्यर्थी चयनित हुए हैं उनका साक्षात्कार दिनांक **08.01.2022** को निर्धारित किया गया है।

उपरोक्तानुसार साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों की सूची चयन बोर्ड की वेबसाइट पर प्रदर्शित है। सूची में अंकित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि दिशा निर्देशों का भली–भांति अध्ययन करके, परीक्षा पोर्टल पर उनके द्वारा आनलाइन आवेदन में उल्लिखित अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड करें एवं संस्था का विकल्प चयन करते हुये साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करें तद्नुसार नियत तिथि व समय को साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड कार्यालय में अपने मूल अभिलेखों के साथ उपस्थित हों। अभ्यर्थियों के लिये रिपोर्टिंग का समय **प्रातः 07:00 बजे** है।

नोट (महत्वपूर्ण अनुदेश):–

1. अभ्यर्थी कृपया नोट करें कि साक्षात्कार हेतु नियत तिथि व समय में किसी भी प्रकार का परिवर्तन किया जाना सम्भव नही होगा।
2. अभ्यर्थियों के लिये **रिपोर्टिंग का अन्तिम समय 11:00 बजे** है। तदुपरान्त अभ्यर्थियों को प्रवेश नही दिया जायेगा।
3. अभ्यर्थियों को फेसमास्क, हैण्डग्लब्स एवं सैनेटाइजर साथ लेकर आना होगा, इसके अभाव में साक्षात्कार हेतु चयन बोर्ड परिसर में प्रवेश नही दिया जायेगा। कोविड–19 के सम्बन्ध में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करना होगा।
4. चयन बोर्ड परिसर के प्रवेश द्वार पर थर्मल स्कैनिंग एवं सैनेटाइजर की व्यवस्था रहेगी। सभी अभ्यर्थियों को सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन करना अनिवार्य होगा।
5. अनुशासनहीनता, अशान्ति फैलाने अथवा साक्षात्कार कार्य में बाधा डालने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार से वंचित किया जा सकता है तथा भविष्य की सभी परीक्षाओं से डिबार किया जा सकता है। अतः सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि साक्षात्कार प्रक्रिया में शान्ति बनाये रखें।

(नवल किशोर)
परीक्षा नियन्त्रक
उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड,
प्रयागराज।

# साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने हेतु महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश

- ❖ साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने से पहले अभ्यर्थी को आनलाइन आवेदन में उल्लिखित अभिलेखों को पोर्टल पर अपलोड करना एवं संस्था का विकल्प (अधिमानता) चयन करना अनिवार्य है। आवेदन में उल्लेख किये गये अर्हताओं से इतर अपलोड किये गये अभिलेख न तो मान्य किये जायेंगे और न ही इनके अधिमानता अंक प्रदान किये जायेंगे।
- ❖ अभ्यर्थी द्वारा उसके आवेदन में उल्लिखित अर्हताओं के सापेक्ष सम्बन्धित अभिलेख/प्रमाणपत्र अपलोड न करने अथवा उक्त अर्हता से इतर कोई अन्य अभिलेख अपलोड करने की दशा में अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है, जिसका सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
- ❖ यह दोनों प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार पत्र और संस्था की अधिमानता सूची को डाउनलोड कर सकता है।
- ❖ अभ्यर्थी द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उसनेसंस्था की अधिमानता सूची एवं अपलोड किये गए अभिलेखों का प्रिंट आउट निकाल कर अपने पास सुरक्षित रख लिया है।
- ❖ साक्षात्कार के समय अभिलेख–सत्यापन के दौरान अभ्यर्थी को अपनी संस्था अधिमानता सूची और अपलोड किये गए अभिलेखों की मूल प्रतियाँ प्रस्तुत करनी होंगी, तत्पश्चात् ही अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन हो सकेगा।
- ❖ जिन अभ्यर्थियों का सत्यापन सफलता पूर्वक हो जायेगा वही अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आगे की प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे।
- ❖ अभ्यर्थियों को अभिलेख अपलोड करने, संस्था की अधिमानता भरने एवं साक्षात्कार–पत्र डाउनलोड करने अथवा अन्य किसी बिन्दु पर यदि कोई पृच्छा हो तो उसके समाधान हेतु हेल्पलाइन नं0 8468007598 अथवा 0532–2466851 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## साक्षात्कार पत्र डाउनलोड करने हेतु प्रक्रिया

- अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार–पत्र डाउनलोड करने हेतु उन्हे सर्वप्रथम ई–परीक्षा पोर्टल(https://upsessb.pariksha.nic.in/)पर जाकर **UTTAR PRADESH SECONDARY EDUCATION SERVICES SELECTION BOARD, PRAYAGRAJ** के लिंक पर क्लिक करना होगा।
- तत्पश्चात् प्रवक्ता संवर्ग हेतु निम्नानुसार दिये गये लिंक पर जाना होगा।
  - **"Click here to submit college preference choice and download Interview Letter for PGT-Examination - 2021"**
  - लिंक पर क्लिक करने पर **"Download Interview Letter"** का पेज खुलेगा, जहाँ अभ्यर्थी को अपने 10 अंको के अनुक्रमांक, वेरिफिकेशन (कैप्चा) कोड अंकित करके **"PROCEED"** बटन पर क्लिक करना होगा।
- उसके बाद **"SEND OTP"** पर क्लिक करने पर अभ्यर्थी को 06 अंको की ओ.टी.पी. प्राप्त होगी।
- ओ.टी.पी. अंकित कर **"Verify OTP"** करने पर अभ्यर्थी को उसका होम पेज दिखाई देगा।

- प्रदर्शित होम पेज में कुल 4 सेक्शन दिखाई देंगेः–

## प्रथम सेक्शन

- अभ्यर्थी का सम्पूर्ण आवेदन पत्र दिखेगा, जिसका अभ्यर्थी प्रिन्ट ले सकता है।

## द्वितीय सेक्शन

- अभ्यर्थियों को उनकी अधिमानतायें (सबमिट च्वाइस/प्रिफरेंस) भरनी होंगी। बांयी ओर प्रदर्शित संस्थाओं की सूची में से अभ्यर्थी किन्ही 5 संस्थाओं को चुन सकता है। अभ्यर्थी जैसे ही संस्था को टिक करेगा वह संस्था दायी ओर दिखाई देने लगेगी।

- अभ्यर्थी द्वारा आवश्यकतानुसार अधिमानताओं को रिसेट कर पुनः चुना जा सकता है अथवा उनके अधिमानता के वरीयता क्रम में भी परिवर्तन किया जा सकेगा।

- अधिमानित संस्थाओं का चुनाव करने के पश्चात् अभ्यर्थी वेरिफिकेशन कोड अंकित कर **"Submit Your Choice"** बटन पर क्लिक करेंगे जिससे उनकी अधिमानतायें सबमिट हो जायेंगी।

- इसके पश्चात् पुनः वेरिफिकेशन कोड अंकित कर **"Lock Your Choice"** बटन दिखाई देगा। इस बटन पर क्लिक करके अधिमानता लाक करना अनिवार्य है।

- संस्था की अधिमानता की सूचना एक बार दर्ज होने के उपरांत उसमें कोई संशोधन या परिवर्तन संभव नहीं होगा, इसलिए अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वह कृपया सावधानी पूर्वक विकल्पों का चयन करें ।

## सेक्शन 3

- अधिमानता विकल्प लॉक करने के उपरांत अनिवार्य अभिलेख प्रपत्रों की सूची प्रदर्शित होगी, यहॉ अभ्यर्थियों को अपने अभिलेख अपलोड करने हैं। प्रत्येक अभिलेख के सम्मुख बारी बारी से जारी करने वाले प्राधिकारी, जारी करने की तिथि, प्रमाणपत्र क्रमांक अंकित कर डाक्यूमेंट अपलोड बटन पर क्लिक करेंगे। अभ्यर्थी को आवश्यक साक्ष्य पीडीएफ फॉर्मेट (न्यूनतम 25 के0बी0 व अधिकतम 500 के0बी0) में अपलोड करना होगा ।

- अगर कोई अभिलेख एक से अधिक फाइल में हो तो उन सबको एक सिंगल फाइल में समाहित (merge) करके अपलोड करना होगा ।

- सभी अभिलेख अपलोड करने के उपरान्त वेरिफिकेशन कोड अंकित कर **"Lock Your Uploaded Documents"** बटन पर क्लिक करना होगा।

## सेक्शन 4

- अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार–पत्र, अधिमानताओं की वरीयता सूची, एवं अपलोड किये गये अभिलेख प्रपत्रों की सूची प्रिन्ट करेंगे, जिन्हे साक्षात्कार में अपने मूल अभिलेखों के साथ लाना अनिवार्य है।

**********